हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 प्रसूताओं से रुपए मांगने के मामले की तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच



07 पिपरिया में धूमधाम से हुआ प्रतीकात्मक रावण दहन और विशाल...



खबर संक्षेप

जुझारपुर में 19 वर्षीय युवती ने लगाई फांसी

इटारसी। शहर के नजदीकी जुझारपुर ग्राम में बुधवार शाम को एक 19 वर्षीय युवती ने किन्हीं अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना पथरोटा से मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर रवाना हो गई है। युवती द्वारा यह कदम क्यों उठाया गया, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

अनुकंपा पात्रों को मुख्यमंत्री ने दिए पत्र

नर्मदापुरम। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देश पर अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का निराकरण कर पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की गई। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग कार्यालय द्वारा प्रकरणों का निराकरण किया गया। संयुक्त संचालक अरुण कुमार इंगले ने बताया कि संभाग में 39 सहायक ग्रेड-3, 6 भृत्य और 2 प्राथमिक शिक्षक के पदों पर कुल 47 पात्र अभ्यर्थियों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई। सभी 47 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किए गए।

बेटियों को मार्शल आर्ट प्रशिक्षण जारी

नर्मदापुरम। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य महिला और बालिकाओं को सशक्त बनाना है। इसी कड़ी में 15 अक्टूबर को परियोजना सिवनी मालवा द्वारा शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 15 दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खेल, शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से आयोजित इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सिखाया जा रहा है।

संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

27 अक्टूबर से जिले को मिलेगा तवा डेम का पानी, किसान रहे निश्चिंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में बुधवार को नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्रीकांत बनोठ की अध्यक्षता में रबी फसलों की सिंचाई के लिए संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त बनोठ वीसी के माध्यम से जुड़े। इस दौरान डीआईजी वीरेंद्र सिंह, कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री साई कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, संयुक्त आयुक्त (विकास) नवल मीना, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता राजाराम मीना, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वही हरदा कलेक्टर कुमार सत्यम, बैतूल कलेक्टर सौरभ संजय सोनवणे एवं अन्य संबंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से ऑनलाइन मौजूद थे।

कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में बुधवार को कमिश्नर की अध्यक्षता में जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित हुई

हुआ निर्णय

27 अक्टूबर से सिवनी मालवा की रायगढ़ भिलाड़िया मकड़ाई के लिए व 01 नवम्बर से मिसरोद उप नहर, इटारसी संभाग की नहरे, 05 नवंबर से सोहागपुर से जल प्रवाह शुरू



प्रत्येक परिस्थिति के लिए तैयार रहे विभाग

आयुक्त बनोट ने नहरों की लगातार पेट्रोलिंग किए जाने के निर्देश दिए, साथ ही विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि वह नहर से पानी लेने के लिए किसानों द्वारा जो टेंपरेरी कनेक्शन लिए जाते हैं उन टेंपरेरी कनेक्शन को जल संसाधन विभाग की सहमति के बाद ही जारी किए जाएं। साथ ही कहां की संबंधित अधिकारी गण नहरो के सुचारु एवं पर्याप्त जल प्रभाव हेतु उपयुक्त प्रबंधन एवं बारीकी से निगरानी करें। कमिश्नर श्री बनोठ ने निर्देशित किया कि राजस्व, पुलिस, विद्युत और जल संसाधन विभाग संयुक्त रूप से सिंचाई हेतु जल आपूर्ति के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। वर्तमान वर्ष में बारिश की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित विभाग प्रत्येक परिस्थिति के लिए पूर्व कार्ययोजना तैयार रहें।

नहरों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें: आयुक्त

कमिश्नर ने कहा कि निर्धारित की गई तिथियों का पर्याप्त रूप से प्रचार करें। ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी करवाई जाए। साथ ही अपने स्तर पर भी विभाग किसान संगठनों से समन्वय कर तिथियों से अवगत कराएं। इस दौरान जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता राजाराम मीना ने तवा जलाशय की वर्तमान जल संग्रहण स्थिति 1705 एमसीएम जो की उपलब्ध भराव का 87% होने की जानकारी दी। कमिश्नर ने निर्देश दिए की पानी छोड़ने वाले स्थान से लेकर टेल क्षेत्र तक कुछ मुख्य प्वाइंटों पर नहर की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

पानी छोड़ने सदस्यों ने प्रस्तावित की तिथियां

कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में बुधवार को रबी फसलों की सिंचाई हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिवनिमालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा, जपं अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि, जिपं सीईओ अधिकारी हिमांशु जैन सहित समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में हरदा जिले हेतु बायीं तट मुख्य नहर से 25 अक्टूबर से जल प्रवाह शुरू करने के लिए तिथियां प्रस्तावित की गई।

गुप्ता ग्राउंड में जेसीबी की मदद से निकाला भारी मात्रा में कचरा

पटाखा बाजार की तैयारी में जुटी नपा टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गणेशोत्सव और दुर्गा उत्सव के समापन के बाद गुप्ता ग्राउंड में मूर्तिकारों द्वारा लगाए गए कचरे को ढेर को साफ करने के लिए नगरपालिका टीम ने 24 घंटे दुरतगति से स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान भारी मात्रा में प्रतिमा बनाने के बाद बची वस्तुओं को हटा गया।

स्वच्छ भारत अभियान प्रभारी अधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में नगर में त्यौहारी सीजन को देखते हुए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते गुप्ता ग्राउंड मूर्तिकारों द्वारा छोड़े गए कचरे को साफ कर दिया गया है। 24 घंटे चले इस स्वच्छता अभियान में भारी मात्रा में कचरा निकाला गया।

जेसीबी से हुई सफाई

स्वच्छता उपनिरीक्षक संजय लुटारे ने बताया कि बारिश के दिनों में कहीं कहीं तो भारी मात्रा में कचरा एकत्रित होकर जमा गया था। जिसे हटाने के लिए जेसीबी का सहारा लेना पड़ा। देखते ही समूचा गुप्ता ग्राउंड चकाचक हो गया।

अब लगेगा पटाखा बाजार

तिवारी ने बताया कि आगामी दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर गुप्ता ग्राउंड को साफ सुथरा कर दिए गया है। जल्द ही नगरपालिका द्वारा वहां फटाखा बाजार का लेआउट डालने की तैयारी कर रही है। श्री तिवारी ने बताया कि प्रतिदिन नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विवाद मामला दर्ज कराने थाने पहुंचा नपा अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका के अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान बुधवार शाम को रेलवे के बंद हो चुके रेल कोच रेस्टोरेंट के पास उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब समोसे-कचोरी की दुकान लगाने वाले एक दुकानदार ने कार्रवाई का विरोध किया।

सीएमओ सुरेखा जाटव के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के दौरान दुकानदार रिखीराम पटेल ने नपा अमले के साथ बहस करते हुए गाली-गलौज और विवाद किया। इस घटना के बाद सीएमओ के निर्देश पर स्वच्छता विभाग के सुपरवाइजर ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे।



इससे पहले सीएमओ सुरेखा जाटव के साथ अमले ने रोड पर फल ठेले लगाकर व्यवस्था बिगड़ने वालों से जुर्माना वसूल किया है।

पराली की समस्या का समाधान, होगा औद्योगिक उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम / सिवनी मालवा क्षेत्र में खेतों में फसल कटने के बाद बचे अवशेष किसानों के सामने अक्सर एक बड़ी चुनौती बन जाते हैं। इन्हें खेत से हटाने में मेहनत और समय लगता है, वहीं अगली फसल की तैयारी भी प्रभावित होती है। कई बार किसान इन अवशेषों को जलाने का रास्ता अपनाते हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। लेकिन अब इन अवशेषों को समस्या के बजाय उपयोगी संसाधन बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। दतवासा के मोहित गौर एवं मधुर गौर आधुनिक बेलिंग मशीनों की मदद से कृषि अवशेषों को गठ्ठरों में बदलने का काम कर रहे हैं। चौतलाय के आसपास चल रही यह गतिविधि फसल अवशेषों के बेहतर प्रबंधन की नई संभावनाएं सामने ला रही है।



खेतों में बिखरे अवशेष, मशीनों से बनेंगे गठ्ठर

मक्का, धान, गेहूं और गन्ने की कटाई के बाद खेतों में बचने वाले अवशेषों को एकत्रित करना आसान नहीं होता। ऐसे में बेलिंग सिस्टम उपयोगी साबित हो सकता है। आधुनिक मशीनों की मदद से बिखरे हुए अवशेषों को समेटकर दबाया जाता है और उनके गठ्ठर तैयार किए जाते हैं। इससे अवशेषों को एक जगह एकत्रित करना, उनका भंडारण करना और दूसरे स्थानों तक पहुंचाना आसान हो जाता है।इस प्रक्रिया से खेतों में बचे अवशेषों को हटाने में सुविधा मिलने और अगली बुवाई के लिए जमीन तैयार करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश मैदानी स्तर पर सक्रियता बढ़ाएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने बुधवार को समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, शासकीय कार्यों और जनकल्याणकारी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग ए ग्रेड में रहें तथा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाए।

कलेक्टर वशिष्ठ ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत



सभी विभागों के अधिकारियों को मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला अधिकारी अपने अधीनस्थ अमले को कार्योन्मुख करें और यह सुनिश्चित करें कि विकासखंड एवं तहसील स्तर के अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में रहकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण पर ध्यान दें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी परख एप पर निरीक्षण से संबंधित बिंदुओं की जानकारी अनिवार्य रूप से अद्यतन करें। निरीक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी के साथ जियो लोकेशन और फोटो भी अपलोड किए जाएं, ताकि मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।

जिनवरदास फौजदार अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वर्गीय जिनवरदास फौजदार अंडर-15 बालक वर्ग इंटर-डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बुधवार को एमपीसीए क्रिकेट ग्राउंड, नर्मदापुरम में हुआ। प्रतियोगिता का पहला दो दिवसीय मुकाबला नर्मदापुरम एवं हरदा जिले की टीमों के मध्य खेला जा रहा है। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि नर्मदापुरम संभाग के पुलिस महानिरीक्षक चंद्रशेखर सोलंकी थे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश चौरे, सचिव मनोहर बिलथरिया, निर्वेश फौजदार, शफीक खान आदि मौजूद रहे।

आईजी, डीआईजी, कलेक्टर और एसपी ने पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस लाइन परिसर नर्मदापुरम में बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर स्मृति परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान देशभर में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वर्ष 2025-26 की एक वर्ष की अवधि में देश के विभिन्न स्थानों पर कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए 154 पुलिसकर्मियों के सम्मान में परेड आयोजित की गई। परेड के दौरान पुलिस बल ने अमर शहीदों



को सलामी दी तथा शोक शस्त्र की कार्यवाही संपन्न की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री साई कृष्णा ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए 154 पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया। इसके पश्चात पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम जोन चन्द्रशेखर सोलंकी, उप पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम बीरेन्द्र सिंह, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अपर दंडाधिकारी राजेश शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन सहित जिले के विभिन्न पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

उल्लास के साथ मनाया विजयादशमी पर्व, हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हुआ रावण दहन

दशानन के रूप में बुराई का अंत करने जुटे हैं हम सभी : डॉ शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में विजयादशमी का पावन पर्व परंपरागत श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। गांधी मैदान और पुरानी इटारसी स्थित वीर सावरकर मैदान में आयोजित मुख्य समारोहों में हजारों की संख्या में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने पहुंचकर अधर्म पर धर्म की विजय के इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने।

गांधी मैदान में श्रीराम ने किया रावण का वध

शहर के मुख्य आयोजन गांधी स्टेडियम में शाम से ही लोगों का भारी हुजूम जुटना शुरू हो गया था। निर्धारित समय पर दुर्गा चौक और गुरुद्वारा भवन के पास स्थापित माता की दिव्य प्रतिमाएं गाजे-बाजे के साथ मैदान में पहुंचीं। प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी ने देवी प्रतिमाओं का विधिवत पूजन-अर्चन और आरती की। शक्ति पूजा के उपरांत श्रीराम और रावण के बीच हुए



रोमांचक युद्ध के मंचन के बाद भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया और 35 फीट ऊंचे रावण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। पुतला दहन होते ही पूरा मैदान आतिशबाजी के धमाकों और जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके पश्चात प्रभु श्रीराम का भव्य राजतिलक भी संपन्न हुआ।

वीर सावरकर मैदान में भी उमड़ी भारी भीड़

गांधी मैदान के कार्यक्रम के बाद पुरानी इटारसी के वीर सावरकर मैदान में भी रावण दहन का दूसरा मुख्य आयोजन हुआ। यहां आजाद चौक से माता महाकाली की प्रतिमा के पहुंचने पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रीराम-रावण युद्ध के मंचन के साथ ही 35-35 फीट के रावण और मेघनाद के पुतलों को अग्नि दी गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक एवं मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने की। गांधी मैदान के मुख्य समारोह के पश्चात यही अतिथि वीर सावरकर मैदान के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय, मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत और पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती नीलम गांधी, गीता देवेंद्र पटेल, जसबीर सिंघ छाबड़ा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद पगारे ने आभार राहुल प्रधान ने किया।

दशहरा पर्व पर उमडऩे वाली विशाल भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। एसडीएम नीलेश शर्मा, तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा, टीआई सौरभ पांडे सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मुस्तैदी से पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने उपस्थित जनसमूह से शहर को स्वच्छ इटारसी बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया। वहीं, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सब दशानन के रूप में बुराई का वध करने के लिए एकत्र हुए हैं।

जनजातीय कन्या छात्रावास में हुआ कन्या पूजन और कन्या भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आशा महेन्द्र शुक्ल जनजातीय कन्या छात्रावास धुरपन, इटारसी में कन्या पूजन और कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कन्याओं को तिलक लगाकर और चुनरी ओढ़ाकर उनका पूजन किया गया, जिसके बाद विधि-विधान से आरती कर सभी कन्याओं को आदरपूर्वक भोजन कराया गया।

इस अवसर पर छात्रावास समिति के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मनोज राय, बीरेंद्र दीक्षित, विकेश मेहता, अनिल गेलानी, मनोज यादव, छात्रावास अधीक्षिका वंदना मेहता, सुश्री दीपा उईके और छात्रावास सह-अधीक्षिका पूनम तोमर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

चाकूबाजी की घटना में तीन घायल

बैतूल। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकारी में मंगलवार रात युवकों के बीच हुए विवाद ने मारपीट और चाकूबाजी का रूप ले लिया। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां ओपीडी में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली टीआई देवकरण डेहरिया ने बताया कि मंगलवार रात टिकारी क्षेत्र में अनिल पिता गेंदराव चढ़ोकार (34) और देशबंधु वार्ड निवासी आशीष ठाकरे के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। शुरुआत में दोनों के बीच कहासुनी हुई, लेकिन देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान चाकूबाजी होने से अनिल और आशीष घायल हो गए। विवाद के बीच-बचाव करने पहुंचे पवन चढ़ोकार भी चाकूबाजी की घटना में घायल हो गए। घटना के बाद तीनों घायलों को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उनका परीक्षण कर ओपीडी में उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई और दोनों पक्षों की शिकायतें दर्ज की। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों पर मामले में दोनों पक्षों पर काउंटर केस दर्ज किया गया है। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर रही है।

अजमीढ़देव जयंती पर 25 को निकलेगी विशाल शोभायात्रा

बैतूल। स्वर्णकार समाज के आराध्य अजमीढ़देव की जयंती समारोह 25 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। पिछले दिनों समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सामाजिक बंधुओं की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि 25 अक्टूबर को जयंती समारोह की शुरूआत विशाल शोभायात्रा से होगी। कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों और समाज को गौरवान्वित करने वाले सामाजिक बंधुओं का सम्मान किया जाएगा। आदर्श स्वर्ण समाज सेवा समिति के अध्यक्ष संजय सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत कस्तुरी मैरिज लॉन इटारसी रोड से सुबह 10.30 बजे विशाल शोभायात्रा के साथ होगी। पूरे जिले के सामाजिक बंधु शोभायात्रा में वाहनों से निकलकर शहर भ्रमण करेंगे। शहर के विभिन्न स्थानों से होकर शोभायात्रा वापस मैरिज लॉन पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि दोपहर 2 बजे भगवान अजमीढ़देव की पूजा अर्चना होगी। इसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। सबसे पहले समाज के 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा। विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाले लोगों को समाज गौरव सम्मान दिया जाएगा। दोपहर 2 बजे से विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। समाज सेवा समिति के अध्यक्ष संजय सोनी ने जिले के सभी सामाजिक बंधुओं से अजमीढ़देव समारोह में बड़ी संख्या में सहभागिता निभाने का आग्रह किया है।

अलग-अलग सड़क हादसों में 2 की मौत

बैतूल। जिले में अलग-अलग सडक़ हादसों में 2 लोगों की मौत हो गई। पहले हादसे में बैतूल नगर पालिका में दैनिक वेतन पर सफाईकर्मी के रूप में काम करने वाले 28 वर्षीय जितेंद्र वरकड़े की जान चली गई। वहीं, परतापुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल डब्ल्यूसीसी कर्मचारी फुलचंद पटवारी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जितेंद्र पिता लक्ष्मण वरकड़े रात में बैतूल से चिखलार स्थित अपने घर जा रहा था। मंदिर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद जितेंद्र सडक़ पर पड़ा रहा। उसकी बाइक भी मौके पर मिली। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन देखकर लौट रहे ग्रामीणों ने उसे सडक़ पर पड़ा देखा। इसके बाद वे उसे बाइक से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जितेंद्र के माता-पिता नहीं हैं। वह अपने बड़े पिता के पास रहता था।

प्रसूति वार्ड में कर्मचारियों को बदलकर लगाई दूसरे कर्मचारियों की ड्यूटी

प्रसूताओं से रुपए मांगने के मामले की तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिला अस्पताल में निःशुल्क प्रसव सुविधाएं होने के बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब मरीजों से रुपए मांगने की लगातार शिकायतें आने से जिला अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब जिला अस्पताल में प्रसव के नाम पर पैसे मांगने के मामले में जिला स्वास्थ्य विभाग के प्रबंधन द्वारा प्रसूति वार्ड के तृतीय-चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को बदलकर दूसरे कर्मचारियों की ड्यूटी वहां लगाई गई है। विभाग द्वारा मामले की जांच के लिए तीन डॉक्टरों की समिति भी गठित कर दी है।

समिति को सात दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, पुलिस भी दो लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल में प्रसव कराने के नाम पर परिजनों से रुपए मांगने के तीन मामले पिछले एक पखवाड़े के भीतर सामने आए हैं। सोमवार को दो प्रसूताओं के परिजनों से क्यूआर कोड के जरिए आठ हजार रुपए जमा कराए गए। दोनों मामलों में एक ही मोबाइल नंबर से फोन आने की बात सामने आई है। शिकायत मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस और साइबर सेल में आवेदन देकर जांच की मांग की है। इधर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अस्पताल प्रबंधन ने भी विभागीय स्तर पर पूरे मामले की जांच कर रहा है। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने बताया कि उनके द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों को जागरूक करने की गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। सिविल सर्जन के अनुसार, वे स्वयं प्रतिदिन एएनसी और पीएनसी वार्डों में पहुंचकर मरीजों और उनके परिजनों को सरकारी अस्पताल में मिलने वाली निशुल्क सुविधाओं की जानकारी दे रहे हैं। मरीजों को बताया जा रहा है कि अस्पताल में निर्धारित उपचार और प्रसव संबंधी सेवाएं निशुल्क हैं। पात्र प्रसूताओं को प्रसव के बाद घर पहुंचाने की सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध है। साथ ही स्पष्ट संदेश दिया जा रहा है कि यदि कोई कर्मचारी, बाहरी व्यक्ति या अज्ञात फोन नंबर से उपचार अथवा डिलीवरी के नाम पर रुपए मांगता है, तो तत्काल इसकी शिकायत अस्पताल प्रबंधन से करें।

लगाए मोबाइल नंबर, टीम करेगी जांच

मरीजों की शिकायत सीधे जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचे, इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे और आरएमओ डॉ. रानू वर्मा के मोबाइल नंबर सहित कलेक्टर एवं एसडीएम के नंबर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए हैं। प्रसूति वार्ड, रैंप और एसएनसीयू सहित अस्पताल के विभिन्न हिस्सों में संपर्क नंबर लगाए गए हैं, ताकि मरीजों और परिजनों को शिकायत करने में कोई परेशानी न हो। इसके अलावा पैसे मांगने के मामले में अस्पताल प्रबंधन ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है, जिसमें आरएमओ डॉ. रानू वर्मा, सर्जन डॉ. नीतीश चौकीकर और डॉ. संगीता उइके स्त्री रोग विशेषज्ञ शामिल हैं। समिति ने जांच शुरू कर दी हैं और सात दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश मिले हैं।

प्रतिदिन करीब 30 महिलाएं आती है प्रसव के लिए

जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीब 30 महिलाएं प्रसव के लिए भर्ती होती है। इनमें से आवश्यकतानुसार डॉक्टरों द्वारा सीजर करके डिलीवरी कराई जाती है। ऐसे में प्रसव के नाम पर रुपये मांगने की घटनाएं सामने आने से अस्पताल प्रबंधन ने सख्त रुख अपना लिया है। अस्पताल प्रबंधन ने जहां पुलिस में इसकी शिकायत मरीज के परिजनों से दर्ज करवाई है, वहीं मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति भी गठित की है। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने बताया कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। वहीं इस मामले में थाना प्रभारीदे वकरण डेहरिया का कहना है कि, प्रसव के नाम पर रुपए मांगने के दो मामलों में शिकायत आने पर एफआईआर दर्ज की गई है। हमारे द्वारा जल्द ही बारीकी से जांच कर आरोपियों को पकड़ा जाएगा।।

शिकायत करवाई...

प्रसव के नाम पर रूपये मांगने के मामले में मरीज के परिजनों से थाने में शिकायत करवाई है। एसपी को भी आवेदन दिया है। इसके अलावा अस्पताल में तीन सदस्यीय टीम बनाकर मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है। फिलहाल प्रसूति वार्ड में शिकायत के लिए हेल्पलाईन नंबर के डिस्पले बोर्ड लगवाए गए हैं तथा वहां के तृतीय-चतुर्थ कर्मचारियों को बदलकर दूसरे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

- डॉ. जगदीश घोरे, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल

प्रसव के लिए इनसे लिए गये पैसे

बताया जाता है कि ग्राम पांढरा निवासी संजय भोरसे की बहन रेशु आरसे को चार दिन तक भर्ती रहने के बाद भी प्रसव नहीं हुआ था। संजय के मोबाइल पर 8080834794 नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को डॉक्टर बताते हुए कहा कि डिलीवरी करवाना है तो पांच हजार रुपए भेज दो, डिलीवरी अच्छे से हो जाएगी। संजय ने तीन हजार रुपए होने की बात कही तो उसे मोबाइल पर क्यूआर कोड भेजा गया। क्यूआर कोड पर तीन हजार रुपए जमा कर दिए। इसी तरह ग्राम मंडई बुजुर्ग निवासी मीरा पत्नी विजय नागले को परिजन प्रसव करवाने जिला अस्पताल लेकर आए। कुछ देर बाद ही प्रसूता के पति विजय नागले के मोबाइल पर फोन आया। विजय नागले ने बताया कि मोबाइल करने वाले ने कहा कि मैं डॉक्टर बोल रहा हूं। आपकी पत्नी का सीजर अच्छे से करवा दूंगा। मैं आपके मोबाइल पर एक क्यूआर कोड भेज रहा हूं उसमें 5 हजार रुपए डलवा दो। विजय के नंबर पर एक क्यूआर कोड आया जिसमें विजय नागले ने अपने छोटे भाई संजय नागले के फोन पे से 5 हजार रुपए डलवाए। रुपए डालने के साथ ही विजय की पत्नी का सीजर हो गया जिसने स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया है।

भैंसदेही पुलिस की बड़ी कार्रवाई

चोरी और लूट के तीन मामलों का खुलासा, बदमाश गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

आरोपी से लगभग 2.35 लाख रुपए का चोरी व लूट का मशरूका बरामद

भैंसदेही पुलिस ने चोरी एवं लूट के तीन मामलों का खुलासा किया गया है। पुलिस ने प्रकरणों में संलिप्त निगरानी बदमाश सुभाष राठौर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे एवं निशानदेही से लगभग 2,35,000 रुपये का मशरूका बरामद किया है। प्रकरण में आरोपी के एक अन्य साथी की गिरफ्तारी शेष है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम भैसाघाट स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय से 1 जुलाई को अज्ञात आरोपी द्वारा दो गैस टंकियां, एक कढ़ाई, एक गंज तथा पांच बड़ी थालियां एवं खाद्यान्न सामग्री चोरी कर ली गई थी। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। दूसरी घटना 18 अक्टूबर को ग्राम सलाईढाना निवासी विमला कवडकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक व्यक्ति ने पीने के लिए पानी मांगा और लोहे की रॉड दिखाकर उनका मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गया। रिपोर्ट पर धारा 309(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। तीसरी घटना 18 अक्टूबर 2026 को परतवाड़ा, महाराष्ट्र निवासी मिलन इंगोले ने अपनी सीबी साइन मोटरसाइकिल को पात्रा नदी क्षेत्र से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर थाना भैंसदेही में धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उक्त तीनों प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों की तलाश एवं पतासाजी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी दौरान दिनांक 21 अक्टूबर को निगरानी बदमाश सुभाष राठौर के आमला रोड पर घूमने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे अभिरक्षा में लिया तथा थाना लाकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा उक्त अपराधों में संलिप्तता स्वीकार किए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी से संबंधित प्रकरणों में चोरी एवं लूट का मशरूका बरामद किया गया है। प्रकरण में शामिल उसके अन्य साथी की तलाश की जा रही है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग उठाई

कांग्रेस ने मतदाता सूची में पारदर्शिता की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा एवं मतदाता सूची में पारदर्शिता की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम की उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंकज रानू ठाकुर के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल के नाम थाना प्रभारी भैंसदेही राजेश सातनकर को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीरों को जलाकर प्रदर्शन किया। ज्ञापन में मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच, पात्र मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखने, छूटे हुए नाम जोडऩे तथा नाम काटने की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई। साथ ही, निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग भी स्पष्ट रूप से उठाई गई।

खडक़वार गांव के डैम में हुआ हादसा

प्रतिमा विसर्जन के दौरान हादसा 36 वर्षीय युवक की डूबने से मौत

नवरात्रि पर घर में स्थापित की थी मां दुर्गा की प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई क्षेत्र के खडक़वार गांव स्थित डैम में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। गहरे पानी में डूबने से 36 वर्षीय हीराचंद पवार की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। मुलताई थाना प्रभारी विकास पटेल ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर हीराचंद पवार के घर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। सोमवार शाम वह प्रतिमा विसर्जन के लिए खडक़वार गांव स्थित डैम पर गए थे। विसर्जन के दौरान पानी में उतरते ही वह गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। युवक को पानी से बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। नवरात्रि के पावन अवसर पर हुई इस दुखद घटना से परिवार और ग्रामीणों में शोक व्याप्त है। हादसे ने प्रतिमा विसर्जन के दौरान जलाशयों में सुरक्षा व्यवस्था और सावधानी बरतने की जरूरत को एक बार फिर उजागर किया है।

नागपुर में तीन दिन से चल रहा था इलाज

विधायक चंद्रशेखर देशमुख को एयर एंबुलेंस से हैदराबाद ले जाया गया

पेट से जुड़ी परेशानी के बाद स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए भेजा गया हैदराबाद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक चंद्रशेखर देशमुख की तबीयत बिगडऩे के बाद उनका उपचार जारी है। नागपुर के अस्पताल में पिछले तीन दिनों से भर्ती विधायक देशमुख को बुधवार को बेहतर उपचार और गहन जांच के लिए एयर एंबुलेंस से हैदराबाद ले जाया गया। बताया जा रहा है कि पेट से जुड़ी परेशानी के चलते उनका इलाज चल रहा था। वहीं, पेट से संबंधित समस्या की जांच के लिए उन्हें हैदराबाद ले जाए जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, उनके स्वास्थ्य और बीमारी को लेकर अब तक कोई विस्तृत आधिकारिक मेडिकल बुलेटिन सामने नहीं आया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू के अनुसार, विधायक चंद्रशेखर देशमुख के स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी मिली है। इसके बावजूद लिवर से संबंधित समस्या की जांच और बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें हैदराबाद ले जाया गया है।

17 अक्टूबर को दादा गुरु महाराज के कार्यक्रम में बिगड़ी थी तबीयत

उल्लेखनीय है कि 17 अक्टूबर को मुलताई के श्रीराम मंदिर, ताप्ती तट पर दादा गुरु महाराज के कार्यक्रम के दौरान विधायक चंद्रशेखर देशमुख की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। कार्यक्रम के दौरान उन्हें चक्कर आने लगे, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला।

रातभर निकले चल समारोह, भक्तों ने जगह-जगह पर किया चल समारोह का स्वागत

शहर में बुधवार शाम तक चलता रहा प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल में दशहरे पर मंगलवार दोपहर से शुरू हुआ दुर्गा और काली प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला बुधवार सुबह तक चला। रातभर शहर की सडक़ों पर चल समारोह निकलते रहे। अखाड़ों के कलाकारों ने पारंपरिक करतब दिखाए। वहीं, डीजे पर प्रशासन की सख्ती के चलते जुलूसों में तेज बेस वाले साउंड सिस्टम का इस्तेमाल नहीं किया गया। पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार व्यवस्थाओं पर नजर रखती रहीं। टिकारी स्थित सितारा मंडल की काली प्रतिमा का जुलूस मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे बच्चा जेल चौक के पास से निकला। करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय कर जुलूस सुबह लल्ली चौक पहुंचा। इस सफर में लगभग सात घंटे लगे। इसके बाद बुधवार सुबह प्रतिमा का विसर्जन किया गया। जुलूस में युवा, मंडल के कार्यकर्ता और श्रद्धालु पूरी रात मौजूद रहे। इस दौरान भक्ति का माहौल बना रहा।

शहर में 188 जगह स्थापित की गई थीं प्रतिमाएं

बैतूल शहर में 188 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। इनमें सितारा मंडल की काली प्रतिमा श्रद्धालुओं के बीच खास आकर्षण का केंद्र रही। नगर पालिका प्रशासन ने दामा दैय्यत घाट, कर्बला घाट और सीता कुंड में प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था की थी। विसर्जन के दौरान सुरक्षा के लिए घाटों पर विशेष इंतजाम किए गए थे। कर्बला घाट पर करीब 10 फीट पानी और पुलिया के दोनों ओर गहरे गड्ढों को देखते हुए सावधानी बरती गई। यहां रोशनी के साथ क्रेन और हाइड्रा की व्यवस्था की गई थी। एसडीईआरएफ की टीम गोताखोरों के साथ तैनात रही। जरूरत के अनुसार नावों और तैराकों की व्यवस्था भी की गई।

ड्रोन और सीसीटीवी से रखी नजर

जुलूस मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया गया। प्रमुख धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता रखी गई। बड़ी झांकियों के साथ पुलिस बल तैनात रहा। ऊंची इमारतों से भी निगरानी की योजना बनाई गई थी। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खारपुसे, एसडीओपी अन्नपूर्णा सिरसाम, एसडीएम अभिजीत सिंह और तहसीलदार पूनम साहू व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे।

देर रात तक चला विसर्जन

ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच मां को दी विदाई

भौंरा। ढोल-नगाड़ों की गूंज, मां के जयकारों और नाचते-गाते श्रद्धालुओं के बीच दशहरे पर नगर में देवी प्रतिमाओं के विसर्जन चल समारोह निकले। दोपहर से शुरू हुआ विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कहीं नवमी तो कहीं दशमी पर हवन-पूजन, कन्या भोज और भंडारे के आयोजन के बाद श्रद्धालुओं ने मां भगवती को विदाई दी। नगर से निकली देवी प्रतिमाओं का मां बिजासन मंदिर स्थित नदी में विसर्जन किया गया। नवरात्र के दौरान नगर में विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। नवरात्र समापन पर अलग-अलग समितियों ने धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए। कई स्थानों पर नवमी तिथि पर हवन किया गया, जबकि कुछ स्थानों पर दशमी को हवन-पूजन के साथ कन्या भोज और भंडारे का आयोजन हुआ। इसके बाद देवी प्रतिमाओं के चल समारोह निकाले गए। दशहरे पर दोपहर से ही देवी प्रतिमाओं को लेकर श्रद्धालुओं के समूह निकलने लगे। ढोल-बाजों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते और मां के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। उत्साह और भक्तिभाव के बीच प्रतिमाएं विसर्जन स्थल तक पहुंचीं। मां बिजासन मंदिर स्थित नदी में विधि-विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। अलग-अलग स्थानों से प्रतिमाओं के पहुंचने का क्रम देर रात तक जारी रहा। नवरात्र के नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों के बाद दशहरे पर देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ उत्सव का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने मां भगवती से सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



थाने में विजयदशमी पर किया शस्त्र पूजन



भौंरा। शाहपुर थाने में विजयदशमी पर थाना प्रभारी नीरज पाल द्वारा पंडित जी के माध्यम से विधि विधान से पूजा कराई गई। थाना प्रभारी नीरज पाल ने शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम में पुलिस कर्मी मौजूद रहे। थाने में लोगों एवं स्टाफ को विजयदशमी की शुभकामनाएं दी। थाना प्रभारी नीरज पाल ने कहा सनातन परंपरा में शस्त्र पूजन धर्म की रक्षा का प्रतीक है। यहां न्याय की स्थापना का संदेश देता है। यह राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध को भी दिखता है। उन्होंने कहा यह परंपरा शक्ति के साथ दायित्व को जोड़ती है। साहस के साथ मर्यादा का भाव रखती है। राष्ट्रीय हित के प्रति समर्पण के शाश्वत मूल्यों को सामने लाती है।



वर्षों पुरानी रामलीला में प्रभावी नाट्मंचन कर रहे कलाकार

श्री रामलीला मंचन में प्रभु श्रीराम ने किया रावण का वध आज होगा श्रीराम राज्याभिषेक व पात्र सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा रामलीला मंच पर श्री राम प्रसंग पर आधारित लीलाओं का मंचन किया गया। जिसमें विजयादशमी पर मंगलवार रात श्रीराम ने रावण का वध किया। आज इस वर्ष की रामलीला की वार्षिक कड़ी का विश्राम होगा। समिति अध्यक्ष अनिल जैन एवं सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि मंचन की शुरुआत गणेश पूजन से की गई। जिसमें अतिथियों पं. प्रशांत बसेड़िया, पं. जीवन दुबे, अधिवक्ता बृजेश सोनी, मनोज मालवीय आदि ने श्री गणेश की वंदना की तथा मेघनाथ एवं अहिरावण वध लीलाओं का मंचन किया गया। रात्रि करीब 12 बजे प्रभु श्रीराम ने रावण की नाभि में बाण मारकर उसका अंत किया। रावण का अंत होते ही समूचा क्षेत्र जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु रामलीला मंचन के दर्शनार्थ उपस्थित थे।



श्रीराम राज्याभिषेक आज

समिति सचिव अखिलेश मालवीय सहित संरक्षकगण राजेंद्र नामदेव, भोलाराम चौरसिया, जीवन दुबे, एमएल स्वामी, एनपी वर्मा, सलमा आदि ने बताया कि आज क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, श्री राम नाट्य समिति सोहागपुर के संरक्षक तथा मार्गदर्शक मंडल एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में श्रीराम राज्याभिषेक कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इसके बाद त्रेता युग के समस्त चरित्रों को मंच पर जीवंत अभिनय के द्वारा प्रस्तुत करने वाले पात्रों का सम्मान समारोह भी किया जाएगा।

पात्रों को स्वर्गीय नवीन साहू की स्मृति में प्रवीण साहू द्वारा स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे। वहीं स्वर्गीय चंद्रगोपाल अग्रवाल की स्मृति में उनके पुत्र मनोज अग्रवाल द्वारा समस्त पात्रों को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।

सोहागपुर में मधुर मिलन दशहरा समिति ने 48 वें वार्षिक आयोजन किए

पिपरिया में धूमधाम से हुआ प्रतीकात्मक रावण दहन और विशाल 'राम सत्ता' का आयोजन

नर्मदांचल में परंरानुसार विजयादशमीं पर्व पर आयोजन किये गये जिसमें पिपरिया में रामसत्ता और भजन कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं सोहागपुर में कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पचमढ़ी रोड स्थित इतवारा बाजार (दशहरा मैदान) में परंपरा के अनुसार भव्य रूप से रावण दहन का आयोजन किया गया। भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूपों द्वारा प्रतीकात्मक रावण दहन किया गया, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में जनसमूह उमड़ा। रावण दहन के पश्चात मैदान पर दो दिवसीय विशालकाय 'राम सत्ता' का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर से आए लगभग 20 राम सत्ता मंडलों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम का शुभारंभ और संचालन क्षेत्र के दिग्गज जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सरकार के मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल रहे, जबकि अध्यक्षता स्थानीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने की।इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, राजा भैया पटेल, पवन वालिया, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल सहित समस्त पार्षदगण, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विजेताओं को मिला पुरस्कार और सम्मानलगातार दो दिनों तक चले इस भव्य राम सत्ता कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल एवं अन्य अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मंडलों को सम्मानित किया गया।प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले राम सत्ता मंडल को 51,000 रुपये की नकद राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई।इसके अलावा, अन्य लगभग 10 सांत्वना व श्रेष्ठ पुरस्कार भी विभिन्न मंडलों को वितरित किए गए।

दुर्गा उत्सव समितियों का चल समारोह

रावण दहन से पूर्व नगर की सभी नवदुर्गा उत्सव समितियों द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठाकुरदास नागवंशी (जिन्हें क्षेत्र में 'पहलवान विधायक' के रूप में भी जाना जाता है) ने स्वयं अपने हाथों से पारंपरिक करतब दिखाए और बनैटी घुमाई, जिसे देखकर सभी दर्शक रोमांचित हो उठे।आयोजकों ने बताया कि झांकियों के पुरस्कार आगामी शरद पूर्णिमा के अवसर पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

सफल संचालन और आभार

कार्यक्रम का मंच संचालन लगभग चार वक्ताओं द्वारा बहुत ही बेहतरीन तरीके से किया गया। दो दिनों तक चले इस धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान के सफल समापन पर दशहरा समिति के अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं, कार्यकर्ताओं और सुरक्षा व्यवस्था में जुटे प्रशासनिक अमले के प्रति आभार व्यक्त किया।

अखाड़ा प्रदर्शन, रावण दहन किया आर्केस्ट्रा की शानदार प्रस्तुति दी

मधुर मिलन दशहरा समिति का आयोजन

'आलाप म्यूजिकल ग्रुप भोपाल' ने प्रस्तुत किए गीत व नृत्य के आकर्षक कार्यक्रम, कलाकारों को पुरस्कार भी बांटे

सोहागपुर। मधुर मिलन दशहरा समिति द्वारा मंगलवार को दशहरे पर रंगारंग का र्यक्र म प्रस्तुति किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत अ खा ड़ा प्रदर्शन एवं रावण दहन से की गई। इसके बाद रानी लक्ष्मी बाई मंच पर आ र्के स्ट्रा प्रस्तुति दी गई।



म धु र मिलन दशहरा समिति सोहागपुर अध्यक्ष आकाश ओंकार प्रसाद चौरसिया ने बताया कि रात्रि लगभग आठ बजे बाजार में अखाड़ा प्रदर्शन में कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज प्रदर्शन किए गए। रात्रि लगभग 8:30 बजे के बाद पलकमती नदी किनारे श्रीराम पात्र द्वारा रावण दहन किया गया। रावण दहन के पूर्व पात्रों का पूजन वरिष्ठ नागरिकगण चौधरी राजेंद्र सिंह व कन्नूलाल अग्रवाल, विधायक विजयपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, संत पं. प्रकाश मुद्गल, पूर्व नपाध्यक्षद्वय संतोष मालवीय एवं अभिलाष चंदेल, जपं अध्यक्ष जालमसिंह पटेल, नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, चौधरी गजेंद्र सिंह आदि की उपस्थिति में किया गया। जिसके बाद श्रीराम ने बाण चलाकर रावण के पुतले का दहन किया। इस दौरान हजारों श्रद्धालु रावण दहन देखने उपस्थित हुए।

श्री शंभू दरबार में नौ दिन तक हुए दिव्य हवन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर के पलाश परिसर स्थित श्री शंभू दरबार में शारदीय नवरात्र पर्व दौरान नौ दिवस हवन कार्यक्रम किए गए। गृहस्थ संत पंडित प्रकाश मुदगल ने बताया कि पिताश्री यज्ञ सम्राट ब्रम्हलीन पंडित मनमोहन मुदगल द्वारा पांच दशक से नवरात्र में प्रति दिवस हवन आयोजन किए जाते थे। उनके द्वारा स्थापित परंपरा श्री शंभू दरबार में कायम है। इस वर्ष भी नवरात्र में भगवती साधना कार्य किया गया तथा विविध साधनाएं की गईं। जिनमें मां दुर्गा सप्तशती के बीज मंत्रों का नित्य हवन किया गया। मां राज राजेश्वरी व भैरव भैरवी की साधना भी की गई।

ब्रम्हलीन पंडित मनमोहन मुदगल के शिष्यों ने नियमित के हवन आयोजनों में सहभागिता की। वहीं कन्या भोज एवं भंडारे के साथ आयोजन पूर्ण हुए। पं. मधुसूदन मुदगल ने बताया कि आध्यात्म एवं सनातन संस्कृति पुनरुत्थान मंडल मध्य प्रदेश द्वारा उक्त हवन आयोजन प्रतिवर्ष नवरात्र में किया जाता है।

बीएससी दुर्गोत्सव समिति ने किया जस का आयोजन

कवि सम्मेलन का आयोजन कल



सोहागपुर। बीएससी दुर्गोत्सव समिति सोहागपुर ने गत रात्रि जस प्रस्तुति का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्रीय प्रसिद्ध गायिका संध्या नागवंशी ने जस प्रस्तुत किए। लगातार तीन घंटे तक संध्या नागवंशी ने जस प्रस्तुत किए। उनके शानदार जसगीतों पर भक्तजन मां दुर्गा की भक्ति में भावविभोर होकर नृत्य करते नजर आए। इस दौरान नप सोहागपुर अध्यक्ष लता पटेल एवं बीएससी समिति कार्यकर्ता एवं भक्तजन उपस्थित थे।

कवि कल प्रस्तुत करेंगे रचना

बीएससी दुर्गोत्सव समिति द्वारा शुक्रवार 23 अक्टूबर रात्रि आठ बजे समिति पंडाल में भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कवि सम्मेलन का संयोजन अंजनी नंदन ट्रेवल्स एवं मल्टी सर्विसेस के द्वारा किया गया है। जिसमें ख्यात कवि कुमार नितेश 'नैश' भोपाल, विनोद सनोदिया 'अंजान' अमरवाड़ा, पवन 'प्रबल' इटारसी, भोले नेमा 'चंचल' छिंदवाड़ा, सौरभ यादव 'सूर्य' नर्मदापुरम तथा शिखा रघुवंशी गंजबासौदा द्वारा गीतों एवं गज़लों सहित हास्य एवं व्यंग्य रचनाओं की प्रस्तुतियां दी जाएगी। बीएससी दुर्गोत्सव परिवार ने क्षेत्रवासियों से कवि सम्मेलन में उपस्थिति की अपील की है।

मंच पर सम्मान कार्यक्रम हुआ



रावण दहन उपरांत रानी लक्ष्मीबाई मंच पर मंचीय कार्यक्रम हुआ। जिसमें मधुर मिलन दशहरा समिति के निवर्तमान अध्यक्ष देवांशु शर्मा ने नए अध्यक्ष आकाश चौरसिया का अभिनंदन किया। आकाश चौरसिया ने भी सभी अतिथियों एवं समिति के पूर्व अध्यक्षों का स्वागत किया। समिति के संस्थापकों सहित दिवंगत हो चुके अध्यक्षों के परिजनों को सम्मान पत्र दिए गए। जिसके बाद आर्केस्ट्रा आलाप म्यूजिकल ग्रुप भोपाल के कलाकारों द्वारा देर रात तक रंगारंग गीतों तथा नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गई। अंत में मधुर मिलध दशहरा समिति अध्यक्ष आकाश चौरसिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

दशहरा पर विहिप व बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन



माखन नगर। विजयादशमी दशहरा के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की नगर इकाई द्वारा स्थानीय शिवा हेल्थ क्लब में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ शस्त्रों का पूजन किया गया। पूजन के दौरान शस्त्रों पर पुष्पमालाएं अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं धर्म की रक्षा की कामना की गई। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रखंड मंत्री अशोक वर्मा तथा बजरंग दल के अध्यक्ष अमित मिश्रा सहित अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विजयादशमी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं धार्मिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शस्त्र पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

6 महीने से नए गैस कनेक्शन पर ब्रेक 18 एजेंसियों पर 5 हजार आवेदन पेंडिंग

सीहोर। जिले में नए घरेलू गैस कनेक्शन जारी नहीं होने से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ रही है। मार्च से जिले की 18 गैस एजेंसियों पर नए कनेक्शन की प्रक्रिया रुकी हुई है। एजेंसियों के अनुसार, करीब 5 हजार आवेदन लंबित हैं। हर महीने एक हजार नए कनेक्शन के आवेदन आने का दावा किया जा रहा है। पोर्टल पर सुविधा बंद होने से परिवार अलग होने, नए घर में शिफ्ट होने और पहली बार गैस कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। कनेक्शन नहीं मिलने पर कुछ उपभोक्ता 10 किलो का कंपोजिट सिलेंडर खरीद रहे हैं। इसके लिए उन्हें करीब 1677 रुपए चुकाने पड़ रहे हैं, जबकि 14.2 किलो के सामान्य घरेलू सिलेंडर की कीमत 970 रुपए बताई गई है। यानी 4.2 किलो कम गैस के लिए 707 रुपए ज्यादा खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं, जिले में करीब 6 हजार कनेक्शन केवाईसी नहीं होने के कारण बंद होने की जानकारी भी सामने आई है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, नए कनेक्शन जारी करने की सुविधा स्थानीय स्तर पर बंद नहीं की गई है। तेल कंपनियों के पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध नहीं होने से प्रक्रिया रुकी हुई है। नए कनेक्शन कब शुरू होंगे, इसे लेकर दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं। 3 एजेंसियों पर 58 हजार से ज्यादा कनेक्शन जिले में करीब 1.91 लाख गैस कनेक्शन बताए जा रहे हैं। इनमें लगभग 1.21 लाख सामान्य और 70 हजार उज्ज्वला कनेक्शन शामिल हैं। अकेले सीहोर शहर की तीन एजेंसियों पर 58 हजार से ज्यादा कनेक्शन हैं। नए कनेक्शन के लिए एजेंसियों पर पहुंच रहे उपभोक्ताओं को पोर्टल बंद होने की जानकारी देकर लौटाया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रवि के अनुसार, वे तीन महीने से एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। अब रिश्तेदारों और परिचितों की मदद से रसोई के लिए सिलेंडर की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

आरक्षण को लेकर ओबीसी महासभा ने आयोजित की पत्रकार वार्ता

आंदोलन की रूपरेखा व ओबीसी वर्ग के साथ किए गए अन्याय को लेकर अपना पक्ष रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आरक्षण मुद्दे को लेकर कोर्ट के निराशाजनक फैसले और प्रदेश सरकार के ठंडे रवैया के बाद ओबीसी महासभा ने प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने का फैसला कर लिया है। रविवार को इन्हीं मुद्दों को लेकर ओबीसी महासभा ने निजी होटल में पत्रकार वार्ता आयोजित की। ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष श्याम सिंह मीणा, भोपाल संभाग अध्यक्ष चांद सिंह मेवाड़ा अपाक्स संगठन जिलाध्यक्ष कमल कीर ने पत्रकारों के समक्ष आंदोलन की रूपरेखा और भाजपा सरकार के द्वारा ओबीसी वर्ग के साथ किए गए अन्याय को लेकर अपना पक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आह्वान पर ओबीसी महासभा मंत्रालय पहुंची थी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से चर्चा की गई लेकिन कोई भी सकारात्मक नतीजा नहीं निकला। मध्य प्रदेश सरकार की मंशा है कि ओबीसी महासभा 27% आरक्षण को लेकर कोई भी धरना प्रदर्शन आंदोलन नहीं करें। देश के सभी राज्यों में ओबीसी को 27% से अधिक आरक्षण प्राप्त है लेकिन मध्य प्रदेश में केवल 14% आरक्षण दिया जा रहा है। निराशाजनक बात यह है कि कोर्ट ओबीसी वर्ग के खिलाफ ही फैसला सुना रहा है। बीते 80 सालों से पिछड़े वर्ग को लगातार गुमराह किया जा रहा है। अब ओबीसी महासभा चुप नहीं बैठेगा। ओबीसी में 6000 से अधिक जातियां सम्मिलित है और मध्य प्रदेश में 52% ओबीसी वर्ग की आबादी है। संख्या भारी है इसके बाद भी आरक्षण में हिस्सेदारी नाम मात्र की है। भाजपा बीते 25 सालों से प्रदेश की सत्ता में है। कांग्रेस के कमलनाथ को छोड़कर 18 सालों से प्रदेश में ओबीसी का मुख्यमंत्री है लेकिन फिर भी ओबीसी वर्ग को न्याय नहीं मिला है। ओबीसी महासभा का आंदोलन अब किसी भी स्थिति में रुकेगा नहीं। तहसील जिला संभाग और प्रदेश लेवल पर यह आंदोलन 28 तारीख से विभिन्न चरणों में शुरू किया जा रहा है।

महर्षि शांडिल्य की तपोभूमि सांडिया में किया गया पंचमुखी हनुमान दरबार का पट्टाभिषेक

बकांज वाले शिवदास महाराज बने महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत की पावन एवं ऐतिहासिक ग्राम पंचायत सांडिया स्थित महर्षि शांडिल्य की तपोभूमि बाजार वाले घाट पर एक अलौकिक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। अनेक वर्षों पुराने अति प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर का पट्टाभिषेक एवं मंडल संकल्प विधि समारोह देश भर से पधारे साधु-संतों, मठाधीशों और पुजारियों की गरिमामयी उपस्थिति में पूरे विधि-विधान से आयोजित किया गया।यह अभूतपूर्व आयोजन महंत एवं मंडल के सचिव महंत पवन सुत दास के अथक प्रयासों से सांडिया की धरा पर पहली बार संपन्न हुआ।

शिवदास महाराज को सौंपी गई जिम्मेदारी

समारोह में मंचासीन साधु-संतों एवं मंडल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सह-सचिव, सचिव तथा अन्य सभी पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से बकांज वाले सिद्धेश्वर धाम के महंत शिवदास महाराज को पंचमुखी हनुमान मंदिर (बाजार घाट) का सर्वाधिकार सुरक्षित रखने वाले महंत के रूप में घोषित किया गया। देश भर से आए साधु-संतों ने धार्मिक रीति-रिवाज के साथ उन्हें इस दायित्व की कमान सौंपी। इसके साथ ही मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ भी दिलाई गई।

भव्य कलश यात्रा और संतों की शोभायात्रा

आयोजन के अवसर पर नगर में भक्ति का माहौल देखने को मिला। स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर से एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सांडिया ग्राम की महिलाओं और बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में भाग लिया। पधारे हुए पूज्य संतों की भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर व पुष्प वर्षा कर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। बाजार घाट पहुँचने पर जितेंद्र मिश्रा, राजेश कुमार मिश्रा, मयंक मिश्रा एवं उनके परिवारजनों द्वारा समस्त साधु-संतों का शॉल-श्रीफल और पुष्पहारों से भव्य स्वागत-सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक राजेंद्र पांडेय ने महर्षि शांडिल्य की तपोस्थली सांडिया ग्राम के पौराणिक महत्व एवं ऐतिहासिक गाथा पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में आए सभी संतों, महंतों, पुजारियों के साथ-साथ पत्रकारिता जगत से जुड़े मीडियाकर्मियों का भी पुष्प वर्षा और माला पहनाकर सम्मान किया।

खबर संक्षेप

राजनैतिक दलों की बैठक आज

हरदा। एसआईआर के दौरान छूटे हुए मतदाताओं एवं 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर जाकर मतदाता सूची के सत्यापन एवं विशेष कैम्पों के माध्यम से नाम जोड़ने की कार्यवाही हेतु वर्तमान में विशेष अभियान 01 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2026 तक चलाया जा रहा है। इसी के साथ ही अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के मान से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम भी जारी किया जा चुका है, जिसके तहत 02 नवम्बर 2026 से कार्यवाही प्रारंभ की जाकर 12 नवम्बर 2026 को प्रारूप प्रकाशन एवं 04 जनवरी 2027 को अंतिम प्रकाशन कराया जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार ने बताया कि विशेष अभियान एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 की कार्यवाही एवं आयोग के नवीन निर्देशों से अवगत कराने हेतु 22 अक्टूबर को अपराह्न 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री कुमार सत्यम की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक रखी गई है।

अस्थाई पटाखा लाइसेंस के लिए 31 तक आवेदन

हरदा। दीपावली पर्व के दृष्टिगत अस्थाई पटाखा लाइसेंस प्राप्त करने के लिए 31 अक्टूबर तक ही आवेदन किए जा सकेंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दंडाधिकारी पुरुषोत्तम कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पटाखा विक्रय के लिए जारी अस्थाई लाइसेंस का उपयोग केवल उसी व्यक्ति द्वारा किया जा सकेगा, जिसके नाम पर लाइसेंस जारी किया गया है। कोई भी लाइसेंसधारी अपना लाइसेंस किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं कर सकेगा। जिस व्यक्ति के नाम से लाइसेंस जारी होगा, वही पटाखे की दुकान संचालित कर सकेगा। उन्होंने संबंधित आवेदकों से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन करने की अपील की है।

हजारों की भीड़ में रामभक्ति की गूंज के साथ हुआ रावण दहन

भजन संध्या में थिरके श्रद्धालु, सोशल मीडिया रूपी आधुनिक रावण पर नाट्य मंचन सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा





विजयादशमी के पावन पर्व पर आर्यन जनसेवा फाउंडेशन एवं नमामि देवी नर्मदे समिति हरदा के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर रोड स्थित होटल मानसरोवर के बाजू में रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों की उपस्थिति में रामभक्ति के जयघोष और भक्तिमय वातावरण के बीच रावण दहन संपन्न हुआ। हरदा में पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन से जुड़े राम नेमा ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। इस दौरान गायक जय पुजारी, कपिल यादव एवं रंजीता रघुवंशी ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर नजर आए। पूरे आयोजन स्थल पर भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हरदा की टीम द्वारा प्रस्तुत नाट्य मंचन रहा। इसमें वर्तमान समय में व्हाट्सएप, फेसबुक, यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के अत्यधिक उपयोग एवं उनकी गिरफ्त में फंसते लोगों की स्थिति को दर्शाया गया। मंचन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जिस प्रकार त्रेतायुग में भगवान श्रीराम ने रावण का अंत किया था, उसी प्रकार आज के दौर में भी मनुष्य को अपनी बुराइयों और नकारात्मक आदतों पर विजय प्राप्त करने की आवश्यकता है। टीम की इस प्रभावशाली प्रस्तुति को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

रावण दहन किया

रात्रि करीब 9:30 बजे हरदा नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, नगर मंडल अध्यक्ष नीतेश बादर एवं बसंत राजपूत, दीपक नेमा ने रावण दहन किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया। आयोजन समिति के सदस्य नरेश बादर ने बताया कि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। रावण दहन कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। भजन संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुति और सामाजिक संदेश के अनूठे संगम ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। आयोजन की शहरवासियों ने प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में निखिल रुनवाल, संस्कार बादर, ऋषभ बादर सहित समिति के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मांगों को लेकर सौंपा संयुक्त ज्ञापन सौंपा

बिजली कटौती, खाद और सिंचाई-समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया धरना, प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती, ट्रांसफार्मर जलने, खराब केबल, रबी सीजन के लिए खाद की किल्लत और लंबित सिंचाई परियोजनाओं के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन कर रैली निकालकर विरोध प्रकट किया। कांग्रेसजनों ने संत सेवालाल तिराहे पर धरना प्रदर्शन कर किसानों कि समस्याओं को सरकार और बिजली विभाग को आड़े हाथों किया।

इस अवसर पर भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलवीरसिंह भाटिया झिरन्या, प्रवीणसिंह तोमर आमापुरी और तितरानिया अध्यक्ष मोहनसिंह वास्कले ने संबोधित किया। इस दौरान सरकार और विद्युत विभाग के विरोध में नारेबाजी कर किसानों की समस्याओं पर तत्काल ध्यान देने की मांग की गई। कांग्रेसजन रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार खुमान सिंह चौहान एवं विद्युत विभाग के सहायक यंत्री नरेंद्र मोरे को संयुक्त ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में 7 प्रमुख मांगें रखी गईं है, जिसमें बिजलवाड़ा सिंचाई परियोजना के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कर खेतों तक पानी पहुंचाने, अघोषित बिजली कटौती तुरंत बंद कर किसानों को प्रतिदिन कम से कम 10 घंटे नियमित बिजली देने, जले हुए ट्रांसफार्मर और खराब केबल तत्काल बदले जाएं ताकि सिंचाई बाधित न हो। इसी तरह रबी सीजन के लिए गेहूं और अन्य फसलों की बुवाई हेतु पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, कराई जाए।जबकि बढ़ती महंगाई से आम जनता और किसानों को राहत सूखा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर प्रभावित किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा देने और झिरन्या सिंचाई योजना और बिंजलवाडा सिंचाई परयोजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित करने की मांग की है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो किसान हित में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



बुधवार को पुलिस लाइन हरदा में 67वां पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शशांक ने परेड की सलामी ली और शहीदों के नामों का वाचन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर कुमार सत्यम, पुलिस अधीक्षक शशांक सहित सभी पुलिस अधिकारियों ने अमर शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में कलेक्टर कुमार सत्यम एवं पुलिस अधीक्षक शशांक ने शहीद इलाप सिंह के भाई गुमाम सिंह एवं शहीद दीपसिंह के भाई अनारसिंह को शाल, श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा, सहायक लोक अभियोजक अनिल यादव एवं सूरज राठौर, एसडीओपी शालिनी परस्ते, एसडीएम शैलेन्द्र बड़ौनिया सहित सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस जवान उपस्थित रहे।

कल रहटगांव में लगेगा शिविर

हरदा। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026ह्न के तहत हरदा जिले में प्रत्येक शुक्रवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण कर रहे हैं। साथ ही विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं, लोक सेवा गारंटी से संबंधित सेवाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जा रही है। इसी क्रम में रहटगांव में शिविर आयोजित होगा, जिसमें रहटगांव, झाड़बिड़ा, पांढरमाटी, फूलड़ी, गाड़ामोड़खुर्द, छिदगांव तमोली, नजरपुरा, छिरपुरा, आमसागर, बोथी, कासरनी, खमगांव व बड़वानी के ग्रामीण शामिल होंगे। इस शिविर में उद्यम संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

सिंचाई संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए सिंचाई प्रकोष्ठ गठित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

रबी सिंचाई वर्ष 2026-27 में किसानों की सिंचाई समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जल संसाधन संभाग हरदा ने सिंचाई प्रकोष्ठ बनाया है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग हरदा सोनम वाजपेयी ने अनुविभागीय अधिकारी सामरधा उपनहर उत्कर्ष पाटिल मोबाइल नम्बर 9981115847 को प्रकोष्ठ प्रभारी नियुक्त किया है। प्रकोष्ठ में 24 घंटे तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि किसानों की शिकायतों का समय पर निराकरण हो सके।

जारी आदेश अनुसार प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिये अनुविभागीय अधिकारी माचक रोहन विलियम्स व स्टोर अटेंडेंट कैलाश दोगने, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी सामरधा उपनहर उत्कर्ष पाटिल व चौकीदार धन्नालाल गोर तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक चौकीदार सफी खान की ड्यूटी लगाई गई है।

इसके अतिरिक्त शासकीय अवकाश दिवसों में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिये हेल्पर राजेश मीणा, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिये भृत्य पूनमचन्द केवट तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक के लिये चौकीदार गोरेलाल गुर्जर की ड्यूटी लगाई गई है।

कार्बाइड गन के विक्रय और उपयोग पर रोक

हरदा। दीपावली त्योहार के दृष्टिगत जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार सत्यम ने जिले में कार्बाइड गन के विक्रय एवं उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सत्यम ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में कार्बाइड गन के विक्रय एवं उपयोग पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करने के लिए सघन निरीक्षण एवं निगरानी करें। संबंधित अधिकारी बाजारों एवं अन्य संभावित स्थानों पर निरीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना एवं जनहानि की आशंका को रोकने के लिए सतर्कता बरती जाए तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

फ्रीगंज में ढोल-ढमाकों के साथ जवारों का विसर्जन, सूर्यवंशी समाज ने चल समारोह के साथ निभाई प्राचीन बुंदेलखंडी परंपरा

सीहोर। फ्रीगंज क्षेत्र में बुंदेलखंड की प्राचीन परंपरा के अनुसार सूर्यवंशी समाज ने जवारों का चल समारोह निकाला। पारंपरिक ढोल-ढमाकों की गूंज के बीच समाज के लोग टाउन हॉल स्थित विसर्जन घाट पहुंचे, जहां विधि-विधान से जवारों का विसर्जन किया गया। समारोह में पुरुष, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। राजेश सूर्यवंशी ने बताया कि फ्रीगंज में कई सालों से बुंदेलखंडी परंपराओं का पालन किया जा रहा है। समाज अपनी संस्कृति को सहेजने के लिए इन रीति-रिवाजों को निभाता है, ताकि युवा पीढ़ी भी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे। सबताया कि समाज में जवारे विसर्जन के अलावा होली, रक्षाबंधन, भुजरिया और भाई दूज जैसे प्रमुख त्योहार भी बुंदेलखंड की पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मनाए जाते हैं।



कलेक्टर -एसपी सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने की शस्त्र व वाहनों की पूजा

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने किया शस्त्र और वाहनों का पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दशहरे के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने शस्त्रों एवं वाहनों का पूजन किया और प्रदेश एवं देश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

इसके साथ ही नागरिकों को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। राजस्व मंत्री श्री वर्मा के साथ ही



जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, कलेक्टर बालागुरू के, एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने शस्त्र एवं वाहनो का पूजन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने और कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की प्रेरणा देता है। शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति की विशेष परंपरा है, जो आत्मरक्षा और वीरता के महत्व को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

कुबेरेश्वरधाम में 25 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा शरद पूर्णिमा महोत्सव

श्री मुरली मनोहर मंदिर में होगा दिव्य श्रृंगार व चंद्र दर्शन राधा नाम संकीर्तन के बाद सजेगा डांडिया महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित श्री मुरली मनोहर मंदिर, कुबेरेश्वरधाम में आगामी 25 अक्टूबर, रविवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में विठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस एक दिवसीय महोत्सव में भगवान श्री मुरली मनोहर का दिव्य श्रृंगार, चंद्र दर्शन, राधा नाम संकीर्तन और डांडिया महोत्सव आकर्षण का केंद्र रहेंगे। महोत्सव के अंतर्गत रात्रि सात बजे भगवान श्री मुरली मनोहर का दिव्य श्रृंगार एवं चंद्र खीर के दर्शन होंगे। इसके बाद शाम 7:30 बजे से रात नौ बजे तक राधा नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। रात नौ बजे से डांडिया महोत्सव होगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति और उत्साह के साथ सहभागिता करेंगे।

कुबेरेश्वरधाम में हाल ही में नवरात्रि का पर्व भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान देर शाम अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में भव्य आरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सेवाभावी लोगों ने प्रसादी वितरण में सहयोग किया। इस अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पर्व नारी शक्ति के सम्मान और सामाजिक समरसता का संदेश भी देता है।

नवरात्रि शक्ति, संयम, सेवा और सकारात्मक संकल्पों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देती है। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति, आरोग्य और समृद्धि की कामना की। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि पवित्र कंकर-शंकर की भूमि कुबेरेश्वरधाम स्थित श्री मुरली मनोहर मंदिर में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य एवं दिव्य महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को भगवान श्री मुरली मनोहर के मनमोहक श्रृंगार और चंद्र दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त होगा। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बनाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से महोत्सव में शामिल होकर भगवान श्री मुरली मनोहर के दर्शन करने तथा राधा नाम संकीर्तन में सहभागिता करने की अपील की। शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान भगवान श्री मुरली मनोहर के दिव्य दर्शन, राधा नाम संकीर्तन और डांडिया महोत्सव के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी। विठलेश सेवा समिति द्वारा आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से महोत्सव में पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रमों का लाभ लेने का आह्वान किया है।

दोस्तों में धाक जमाने, गेमिंग और ड्रोन के लिए घर में चोरी, 6.55 लाख के सोने-चांदी के जेवर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दोस्तों के बीच हाई स्टेटस दिखाने, ऑनलाइन गेमिंग में निवेश करने और ड्रोन खरीदने के लिए रुपए जुटाने की चाह में नाबालिग ने घर से ही सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। मंडी थाना पुलिस ने उसके घर से करीब 6 लाख 55 हजार रुपए कीमत के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, नाबालिग नशा भी करता है।

पुलिस के मुताबिक, 15 अक्टूबर को फरियादी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी की मां 6 अक्टूबर को मायके ग्राम छापरीकलां गई थीं। उन्होंने सोने का तिमन्या और अन्य आभूषण गोदरेज की अलमारी में रखे थे। बाद में अलमारी का ताला टूटा मिला और तिमन्या व तीन सोने के टॉप्स गायब थे। जांच के दौरान पूछताछ में नाबालिग ने बुआ के सोने के जेवर के साथ मां का चांदी का करोंदा (करदोना) और दादी के चांदी के कड़े चुराने की बात भी बताई। पुलिस ने उसके घर से एक सोने का तिमन्या, तीन टॉप्स, चांदी के कड़े, करोंदा और एक नेल कटर बरामद किया। सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा के अनुसार, नाबालिग दोस्तों में धाक जमाना चाहता था और इसी के लिए पैसों की जरूरत में चोरी की।

सोयाबीन किसानों की पंजीयन अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ाई

सीहोर। राज्य शासन ने किसानों के व्यापक हित में ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन के पंजीयन की अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। भारत सरकार की भावांतर योजना में खरीफ 2026 में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अवधि 3 से 17 अक्टूबर तक निर्धारित थी। इस संबंध में सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये गये हैं। उन्हें पंजीकृत कृषकों का सत्यापन भी इस अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।